बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

(मुख्य) परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु विस्तृत निर्देशः–

ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रकिया दो चरण (Step) में सम्पन्न होगीः–

Step 1- Payment

1. आवेदक बिहार लोक सेवा आयोग की वेबसाईट www.onlinebpsc.bihar.gov.in पर अपने प्रारंभिक परीक्षा में प्राप्त Username & Password से Login कर Online Payment के बटन पर क्लिक करते हुए भुगतान करेंगे।

Step 2-Filling of Online Application Form

1. जिस तिथि को भुगतान किया गया है, उसके अगले तिथि (Next date) को पूर्वाह्न 11:00 बजे के बाद आवेदक को ऑनलाईन Application Form भरने हेतु लिंक उपलब्ध होगा। आवेदक "Application Form" के बटन पर क्लिक करते हुए आवेदन भरेंगे।
2. आवेदन प्रपत्र में कतिपय (कुछ) बॉक्स पूर्व से भरे होंगे, जिसे आवेदक द्वारा प्रारंभिक परीक्षा के समय भरा गया है। आवेदन प्रपत्र में शेष खाली बॉक्स आवेदक भरेंगे।
3. आवेदक Preview बटन पर क्लिक कर उनके द्वारा भरी गयी विवरणी/सूचनाओं को देख सकते हैं एवं आवश्यकतानुसार परिवर्तन कर सकते हैं, **लेकिन जो विवरणी/सूचनाएँ प्रारंभिक परीक्षा के समय भरी गयी है, उसमें परिवर्तन नहीं हो सकेगा।**
4. **आवेदन को "Submit" करने से पहले आवेदक यह सुनिश्चित कर लेंगे कि सभी विवरणी/सूचनाएँ जो आवेदक द्वारा दी गयी है, वह सही एवं सुस्पष्ट है क्योंकि एक बार फार्म Submit करने के बाद किसी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं है। आवेदक पूरी तरह से संतुष्ट होने के उपरान्त ही Submit बटन पर क्लिक करेंगें।**
5. Form को "Submit" करने के बाद आवेदक पुनः Login कर डैशबोर्ड पर उपलब्ध टैब “Download filled Application” से मुख्य परीक्षा का भरा हुआ आवेदन डाउनलोड करेंगें। आवेदक यह भी सुनिश्चित कर लें कि डाउनलोड किये गए हार्ड कॉपी के प्रत्येक पृष्ठ पर **Registration Number, Bar Code** एवं **Submitted Application Number** अंकित है। हार्ड कॉपी पर Registration Number, Bar Code एवं Submitted Application Number में से किसी एक के अंकित नहीं होने पर भी आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ नहीं माना जाएगा एवं आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

ऑनलाईन आवेदन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण निर्देशः–

1. ऑनलाईन आवेदन में अंकित Email-Id, Mobile No तथा प्राप्त User Name एवं Password को सुरक्षित रखना आवेदक की जिम्मेवारी होगी। इसे वे अंतिम परीक्षाफल प्रकाशन तक सुरक्षित रखेंगे।
2. किसी भी तरह की कठिनाई होने पर विज्ञापन देखा जा सकता है तथा दिए गए कार्यालय अवधि सोमवार से शुक्रवार (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) तक 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक निम्नलिखित हेल्प लाइन नम्बर (दूरभाष संख्या) पर संपर्क किया जा सकता है।
   TelePhone No – 0612-2215795, Mob No-9297739013
3. अभ्यर्थी "Online Payment" प्रकिया में किसी भी समस्या के समाधान हेतु स्टेट बैंक के समन्वयक से दूरभाष संख्या – 0612 -2215102 पर संपर्क कर सकते हैं।

Bihar Public Service Commission